जेवर एयरपोर्ट से बुलंदशहर के चोला तक बनेगा नया एक्सप्रेसवे, ये होंगे 6 बड़े फायदे; यमुना अथॉरिटी ने बनाई योजना

जेवर एयरपोर्ट से बुलंदशहर जिले के चोला तक यमुना प्राधिकरण नया एक्सप्रेसवे बनाएगा। 16 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे 100 मीटर चौड़ा होगा। इस प्रस्तावित नए एक्सप्रेसवे के साथ-साथ रेल लाइन भी बिछेगी।

Praveen Sharma • ग्रेटर नोएडा। सुनील पाण्डेय

हमें फॉलो करें

Tue, 18 Apr 2023 06:52 AM

जेवर एयरपोर्ट से बुलंदशहर जिले के चोला तक यमुना प्राधिकरण नया एक्सप्रेसवे बनाएगा। 16 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे 100 मीटर चौड़ा होगा। इसको एचएच-34 से जोड़ा जाएगा। इस प्रस्तावित नए एक्सप्रेसवे के साथ-साथ रेल लाइन भी बिछेगी। मार्स कंपनी दोनों परियोजनाओं की प्रारंभिक रिपोर्ट 15 दिन में तैयार करेगी।

हाल ही में बुलंदशहर के 55 गांव यमुना प्राधिकरण शामिल हुए हैं। इसके चलते यमुना प्राधिकरण की चारदीवारी दिल्ली-हावड़ा रेलवे मार्ग तक पहुंच गई है। अब यमुना प्राधिकरण ने इस इलाके को जेवर एयरपोर्ट तक जोड़ने की योजना बनाई है। चोला से जेवर एयरपोर्ट की दूरी करीब 16 किलोमीटर है। प्राधिकरण यहां नया एक्सप्रेसवे बनाएगा। इस एक्सप्रेसवे के किनारे लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग के सेक्टर विकसित होंगे। इस एक्सप्रेसवे के जरिये ये सेक्टर एयरपोर्ट से जुड़ जाएंगे। साथ ही, बुलंदशहर की ओर यह एक्सप्रेसवे एनएच-34 (जीटी रोड) से जोड़ा जाएगा। यमुना प्राधिकरण खुद इस एक्सप्रेसवे का निर्माण करेगा। इसकी रिपोर्ट आने के बाद इस पर आगे की कार्रवाई होगी।

रेलमार्ग से जुड़ेगा : दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर चोला रेलवे स्टेशन है। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग के साथ डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर है। दोनों रेलमार्ग से जेवर एयरपोर्ट को जोड़ा जाएगा।

यमुना प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा, "जेवर एयरपोर्ट से चोला तक नया एक्सप्रेसवे

- औद्योगिक इकाइयों के उत्पाद को उद्यमी सीधे एयरपोर्ट पहुंचा सकेंगे। यहां से सामान विदेश भेजा जा सकेगा।

- चोला रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक प्रस्तावित रेलमार्ग से लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग को फायदा मिलेगा। इस क्षेत्र के उत्पाद इसके लिए डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से भेजे जा सकेंगे।

- यमुना प्राधिकरण की 130 मीटर रोड का फायदा कई जिलों के लोगों को मिलेगा। नोएडा, गाजियाबाद और पड़ोसी जिलों के लोग इस रास्ते से एयरपोर्ट पहुंच सकेंगे।

- इस रोड के बनने से यमुना एक्सप्रेसवे पर भी वाहनों का दबाव कम होगा। साथ ही, प्रस्तावित खुर्जा-पलवल एक्सप्रेसवे से भी यह सड़क जुड़ जाएगी।

- सड़क बनने का फायदा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को भी मिलेगा। उसके सेक्टर भी एयरपोर्ट से सीधे जुड़ जाएंगे।